## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.09.2024 समय : 0705

.....................

- स्वास्थ्य प्रबंधन में एक नई पहल के तहत मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल दवा खपत, चिकित्सा उपकरण सूची और मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली– एमईडीएचआर ऐप का शुभारंभ किया।
- ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव तथा दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने द्वीपवासियों से द्वीपों को कचरा मुक्त बनाने के लिए सहयोग की कामना की है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है।
- हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित पोषण माह का समापन समारोह तीस सितम्बर को आयोजित की जाएगी।

.....................

अंडमान निकोबार प्रशासन के स्वास्थ्य प्रबंधन में एक नई पहल के तहत मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल दवा खपत, चिकित्सा उपकरण सूची और मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली– एमईडीएचआर ऐप का शुभारंभ किया। यह एक ऐसा उन्नत ऐप है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग में दवा और चिकित्सा उपकरण सूची के प्रबंधन में बदलाव लाना है। इस ऐप को चिकित्सा आपूर्ति और मानव संसाधन की ट्रैकिंग और प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि आवश्यक दवाएं और उपकरण समय पर उपलब्ध हो सके। यह पहल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए सरकार की चल रही प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह अप्लीकेशन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह अप्लीकेशन स्वास्थ्य प्रबंधन को आधुनिक बनाने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली समुदायों की जरूरतों को पूरा करने में बेहतर ढंग से सक्षम है। यह अप्लीकेशन दवा और उपकरण की उपलब्धता पर जानकारी प्रदान करता है, जिसके कारण स्वास्थ्य सुविधाओं में संसाधनों की कमी को प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में मदद मिलती है। इस ऐप के माध्यम से कर्मियों को इस पर नजर

रखने, कार्य का आवंटन और आवश्यकता के आधार पर स्वास्थ्य कर्मियों को तैनात किया जा सकता है। इसके माध्यम से एक व्यापक रिपोर्टिंग सुविधा के साथ सटीक डेटा विश्लेषण के आधार पर प्रशासकों को उचित निर्णय लेने में सक्षम बनाने में मदद करता है।

.....................

ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव तथा दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने द्वीपवासियों से द्वीपों को कचरा मुक्त बनाने के लिए सहयोग की कामना की है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि इस दिशा में स्वच्छ भारत मिशन एक महत्वपूर्ण पहलु है। उन्होंने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

.....................

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने देशभर की सभी अदालतों से कहा है कि वे किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का प्रयोग नहीं करें। सर्वोच्च न्यायालय ने कल यह निर्देश मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द करते हुए दिए। मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले में कहा गया था कि बच्चों से जुड़ी अश्लील वीडियो देखना पॉक्सो अधिनियम के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला के फैसले में सुझाव दिया गया है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी के स्थान पर न्यायालय बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री–सीएसईएएम शब्द का प्रयोग करें। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि संसद को वैकल्पिक शब्द पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और इस बीच, केंद्र सरकार पॉक्सो अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश ला सकती है।

.....................

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में कल प्रशासन के विभिन्न विभागों और कार्यालयों के राजपत्रित अधिकारियों के लिए हिन्दी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज राजभाषा विभाग द्वारा कक्षा नवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए स्वाभिमान की भाषा है हिन्दी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता आज दिन में दस बजे आयोजित की जाएगी। सत्ताईस सितम्बर को विभिन्न विभागों के सम्बद्ध नोडल अधिकारियों और हिन्दी कार्य सहायकों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सचिवालय के सभागार में सुबह दस बजे से आरंभ होगा।

.....................

केंद्र सरकार ने कहा है कि वर्ष दो हजार तीस तक देशभर में एक लाख इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कल नई दिल्ली में अपने मंत्रालय की पहले सौ

दिन की उपलब्धियों के बारे में कहा कि देश में कुल चौंतीस हजार चार्जिंग स्टेशन काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जा रहा है।

.....................

कैम्पबेल बे के सामुदायिक हॉल में आज जैविक कृषि में उद्यमिता रणनीति पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा संबंधित विषय पर जानकारी दी जाएगी।

.....................

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–आयुष्मान भारत के कल छह वर्ष पूरे हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के रांची में कल ही के दिन वर्ष दो हजार अट्ठारह में इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का लक्ष्य प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना है। इस योजना का लाभ बारह करोड़ सैंतीस लाख परिवारों के लगभग पचपन करोड़ लोग ले रहे हैं।

.....................

नील केन्द्र ग्राम पंचायत प्रधान पिंकी दास और सदस्य बसाना बाला ने शहीद द्वीप के रामनगर निवासी कालीपदा दास के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे सत्तर वर्ष के थे।

.....................

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से तीस सितम्बर को पोषण माह का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। गर्ल्स स्कूल में आयोजित होने वाले समापन समारोह में शहरी और फरारगंज परियोजना के स्वयं सेवक समूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायकों की ओर से स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों को प्रदर्शित करने और उसे बेचने के लिए अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हमारे समुदाय के व्यंजनों, कुपोषण से निपटने के लिए द्वीपवासियों के बीच अच्छे पोषण को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। कार्यक्रम शाम तीन बजे आरंभ होगा।

.....................

अंडमान से मोयरंग तक तिरंगा फहराए जाने और इसमें नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की भूमिका तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज़ाद हिन्द फौज पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी

का आयोजन किया जा रहा है। डीब्रेट के सम्मेलन कक्ष में आज दिन में दस बजकर पन्द्रह मिनट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इसका उद्घाटन होगा।

....................

इग्नू में ऑनलाइन ओ डी एल मोड पर सभी कार्यक्रमों में इस वर्ष जुलाई सत्र में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि तीस सितम्बर तक बढ़ा दी गई है। पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि भी तीस सितम्बर तक बढ़ाई गई है। और जानकारी के लिए इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

....................

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

एल पी जी सिलेण्डर का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने को लेकर नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से परामर्श जारी करने और मुख्य सचिव द्वारा अंडमान लोक निर्माण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के लिए नए पहल कार्यक्रमों और मॉडयूल का शुभारंभ करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए है। इन सौ दिनों में सरकार ने पन्द्रह लाख करोड़ रूपये की परियोजनाओं की शुरूआत की है **द्वीप समाचार** की पहली हेडलाइन है। नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देने के लिए पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर के सहयोग से डीब्रेट में कार्यक्रम आयोजित किया गया **इंफो इंडिया** की खबर है। चेस ओलम्पियाड में भारत की पुरूष और महिला टीम द्वारा स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने की खबर को द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने पर प्रकाशित किया है।

....................